प्रेस नोट इटावा दिनांक 21.04.2021

इटावा पुलिस द्वारा थाना बसरेहर क्षेत्रांतर्गत ग्राम आशानन्दपुर में हुई मारपीट व लड़ाई झगड़े की घटना के सम्बन्ध मे कार्यवाही करते हुए कुल 14 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व मे थाना बसरेहर पुलिस द्वारा ग्राम आशानन्दपुर में हुई मारपीट व लड़ाई झगड़े की घटना के सम्बन्ध मे कार्यवाही करते हुए नामजद एवं प्रकाश में आए कुल 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरणः–

दिनांक 21.04.2021 को थाना बसरेहर पुलिस को ग्राम आशानन्दपुर में दो परिवारों के बीच नवरात्रि मे देवी कन्याओं का निमंत्रण करने को लेकर मारपीट व लड़ाई झगड़े की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना बसरेहर पुलिस द्वारा तत्काल मौके का मुआयना करने पर जानकरी प्राप्त हुई कि रामऔतार पुत्र शुखराम एवं श्रीमती रीमा देवी पत्नी शैलेंद्र निवासीगढ़ आशानन्दपुर के मध्य नवरात्रि पर कन्याओं को भोजन हेतु आमंत्रित करने को लेकर लड़ाई झगड़ा व मारपीट हुई जिसमें दोनों पक्षों के कुछ लोग घायल हो गये। उक्त घटना के सम्बन्ध मे उच्चाधिकारियों द्वारा घटना स्थल का मुआयना किया गया एवं सम्बन्धित को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

घटना के सम्बन्ध में दोनो पक्षों द्वारा एक दूसरे के विरूध्द तहरीर दी गयी जिसमें प्रथम पक्ष वादी रामऔतार की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 64/21 धारा 147, 148, 504, 323, 506 भादवि बनाम कौशलेन्द्र उर्फ गब्बू आदि 06 नफर तथा द्वितीय पक्ष रीमा देवी पत्नी शैलेंद्र कुमार निवासी आशानन्दपुर की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 65/21 धारा 147, 148, 504, 323, 506 भादवि बनाम रामऔतार आदि 07 नफर अभियुक्तगढ़ों के विरूध्द पंजीकृत किया गया।

घटना के सम्बन्ध मे थाना बसरेहर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नामजद एवं प्रकाश में आये कुल 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तः–

1. कौशलेंद्र उर्फ गब्बू पुत्र रामहरी निवासी ग्राम आशानन्दपुर थाना बसरेहर, इटावा।
2. बादल पुत्र रवीन्द्र निवासी उपरोक्त।
3. रवीन्द्र पूत्र रामहरी निवासी उपरोक्त।
4. भूपेंद्र उर्फ करू पुत्र विजय बहादुर निवासी उपरोक्त।
5. भूरी पत्नी छोटू निवासी उपरोक्त।
6. अनामिका पत्नी योगेश निवासी उपरोक्त।
7. रेनू पत्नी भूपेंद्र निवासी उपरोक्त।

8. रीमा कुमारी पुत्री रामहरी निवासी उपरोक्त।
9. रामऔतार पुत्र शुखराम निवासी उपरोक्त।
10. प्रिया पुत्री रामऔतार निवासी उपरोक्त।
11. रूबी पुत्री दिनेश निवासी उपरोक्त।
12. डोली पुत्री दिनेश निवासी उपरोक्त।
13. शालू पुत्री छोटू सिंह निवासी उपरोक्त।
14. भूरी पत्नी छोटे सिंह निवासी उपरोक्त।

पुलिस टीम–

उ0नि0 श्री मुकेश कुमार सोलंकी थानाध्यक्ष थाना बसरेहर मय टीम।

सोशल मीडिया सेल
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जनपद इटावा।